<u>गुरु नानक कॉलेज, धनबाद</u>
<u>संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन</u>

आज, दिनांक 26 नवम्बर 2020 को संविधान दिवस के अवसर पर गुरु नानक कॉलेज, N.S.S. इकाई 1 & 2, धनबाद के द्वारा संविधान सम्मान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के भूदा कैंपस - में 11 बजे हुआ। Covid - 19 महामारी के मद्देनज़र इस कार्यक्रम में कुल पचास लोगों की उपस्थिति थी जिसमें विद्यर्थियों के साथ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल हुए। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो० पी० शेखर ने कहा कि भारत एक विशाल देश है यहाँ विभिन्न धर्मो , जातियों एवं भाषाओं की अधिकता है। ऐसे विविधताओं वाले देश में प्रजातंत्र शासन एक चुनौती है। भारत के सुशासन इसके द्वारा अंगीकृत संविधान का यहां के नागरिकों द्वारा सम्मान के साथ अक्षरसः अनुकरण एवं पालन पर निर्भर करता हैं। इस अवसर पर डॉ संजय प्रसाद (Prof incharge, भूदा कैंपस ) ने संविधान सम्मान दिवस के पृष्ठभूमि एवं इसके महत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ मिना मालखण्डी, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान एवं NSS पदाधिकारी (unit -2) ने संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया एवं विद्यार्थियों ने शपथ के रूप में इसे दोहराया। उन्होंने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों का एवं कर्तव्यों के विषय में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया। इस अवसर पर प्रो दिपक कुमार, कर्यक्रम पदाधिकारी NSS ( unit -1) प्रो दलजीत सिंह, श्री इंद्रदेव सिंह, श्री सरबजीत सिंह, श्री इम्तिआज़ अहमद, श्री रंजीत मिश्रा समेत अनेक शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित थें।